# Odisha: कटक में फेविपिरावीर समेत 70 लाख रुपये की नकली दवा बरामद

Publish Date:Sat, 12 Jun 2021 10:45 PM (IST) | Author: Sachin Kumar Mishra



जागरण संवाददाता, कटक। ओडिशा के कटक जिला में शुक्रवार को भारी मात्रा में नकली दवा बरामद की गई है। कटक के तुलसीपुर कनिका चौक में एक थोक विक्रेता के गोदाम में छापामारी कर ड्रग्स कंट्रोल विभाग और पुलिस की टीम ने फेविपिरावीर के साथ सात प्रकार की नकली दवाएं जब्त की हैं। जब्त दवाइयों का अनुमानित मूल्य 70 लाख रुपये बताया गया है। कटक से नकली दवा के इस कारोबार का जुड़ाव प्रारंभिक जांच में राज्य के 11 जिलों समेत कोलकाता, ग्वालियर आदि से होने की बात सामने आई है। हिमाचल प्रदेश के सोलन में मौजूद मैक्स रिलीफ हेल्थ केयर संस्थान के लेबल पर इन दवाओं को तैयार किया गया था। हालांकि संबंधित संस्था अब दवा तैयार नहीं कर रही है। गोदाम में छापामारी कर 30 पेटी में रखी गई 22 हजार 680 स्ट्रिप सर्दी, खांसी और कोरोना में इस्तेमाल होनेवाली अन्य दवाएं बरामद की गई। ग्वालियर ले जाई जानेवाली नकली फेविपिरावीर दवा के संबंध में मध्य प्रदेश सरकार को अवगत करा दिया गया है। मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

ड्रग्स कंट्रोल विभाग के इंस्पेक्टर जगन्नाथ मलिक के अनुसार, यह कारोबार वर्षो से चल रहा था। उक्त मेडिकल दुकानदार के संबंधित गोदाम में कोरोना की दवा के साथ अन्य नकली दवाएं भी बाजार में आपूर्ति की जा रही थी। गोदाम से फेविपिरावीर या फाविमैक्स 400 की 1,700 स्ट्रिप, मेडी आक्सी-300 की 2,346 स्ट्रिप, खांसी के लिए मेड टीबीआर की 2,054 स्ट्रिप, मेडगोज-200 की 2,543 स्ट्रिप,

सिनिज की 6,392 स्ट्रिप, टीबीआरव-96 की 4,370 स्ट्रिप, ट्रिट-200 की 3,275 स्ट्रिप आदि सात प्रकार की दवाएं बरामद की गई हैं। इन दवाओं को कटक, बालेश्वर, भद्रक राउरकेला, केंदुझर, बलांगीर, बरगढ़, मलकानगिरी, बारीपदा, जयपुर आदि जिलों में भेजे जाने का पता चला है। जिन जिलों को यह सब नकली दवा भेजी गई है, उन जिलों को भी इसकी जानकारी दे दी गई है।

**स्वास्थ्य विभाग ने दिए जांच के निर्देश**

नकली दवा कारोबार करने का मामला सामने आने के बाद राज्य स्वास्थ्य विभाग ने शनिवार को जांच के निर्देश दिए हैं। दवा निगम एवं पुलिस विभाग को संयुक्त रूप से इस मामले की जांच कर विभाग को रिपोर्ट देने के लिए कहा गया है। दवा कहां से आई, कहां जा रही थी, इन सभी बिंदुओं पर जांच की जाएगी। स्वास्थ्य विभाग के अतिरिक्त सचिव प्रदीप्त महापात्र ने कहा है कि राज्य सरकार चरणबद्ध तरीके से दवा मुहैया करा रही है। राज्य दवा विक्रेता संघ ने कहा है कि संबंधित व्यक्ति ने जितनी दवा बिक्री की है, उसे वापस ले लिया जाएगा।

Source: https://www.jagran.com/odisha/cuttack-fake-medicine-worth-rs-70-lakh-including-favipiravir-recovered-in-cuttack-21731708.html